प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ देश द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के बाद यह पहली ऐसी बैठक होगी।

00000

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक आज शुरू हुई। बैठक में रेपो दर में कटौती पर फैसला लिया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में समिति के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। अर्थशास्त्रियों और उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, केंद्रीय बैंक रेपो दर में तीसरी बार 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे पांच दशमलव 75 प्रतिशत पर ला सकता है। भारतीय स्टेट बैंक की नई रिपोर्ट में जून की भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति में पचास आधार अंकों की बड़ी कटौती का अनुमान लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने पिछली दो मौद्रिक नीति समीक्षाओं में रेपो दर में पचास आधार अंकों की कटौती करके इसे 6 प्रतिशत पर ला दिया है।

00000

विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के शुभ संयोग पर कल से प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान चलाया जायेगा। अभियान का उद्देश्य भूजल स्तर बढ़ाना और जल संचयन के लिए लोगों को प्रेरित करना है। 20 जून तक चलने वाले इस अभियान के दौरान आमजन को पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें अभियान से जोडने के प्रयास किये जायेंगे। इसी के तहत कल मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर के रामगढ़ बांध पर मोरी के पास गोपालगढ़ गांव में श्रमदान करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करेंगे। वे बूंदी के गोहाटा पहुंचकर रामजल सेतु लिंक परियोजना के तहत बनने वाली एक्वाडक्ट का निरीक्षण करेंगे। यहां से वे केशोरायपाटन में चम्बल घाट पहुंचकर गंगा लहरी, चुनरी महोत्सव तथा कलश यात्रा में शिरकत करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का भरतपुर जाने का कार्यक्रम हैं। वे वहां गंगा मदिर में विशेष पूजा, महाभोग तथा तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। विभिन्न जिलों में भी अभियान को लेकर तैयारियां कर ली गई है। प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव अपने–अपने जिलों में अभियान की शुरूआत करेंगे।

00000

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से कल विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं" रखी गई है। पर्यावरण दिवस के कार्यक्रमों की कडी में आज प्रदेश में कई स्थानों पर "रन फॉर एनवायरमेंट" रखी गई। करौली में इस दौड़ में वन विभाग के अधिकारियों के साथ आमलोगों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के माध्यम से **प्लास्टिक छोडे प्रकृति बचायें** का संदेश दिया गया। बारां में दौड़ को अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ खेल संकुल से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए खेल संकुल पर ही समाप्त हुई। झुंझुनूं और डूंगरपुर में भी दौड का आयोजन हुआ। बालोतरा में प्रभात फेरी और तिरंगा रैली निकाली गई।

0000

अजमेर के बिसुन्दनी गांव में आज सुबह करंट लगने से दो महिला सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में एक अन्य लड़की गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये हादसा एक मकान की तराई के दौरान हुआ। उधर सवाईमाधोपुर जिले के रघुवंटी गांव के पास सड़क दुर्घटना में एक बच्ची सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गये। ये दुर्घटना एक जुगाड़ के अनियंत्रित होकर पलट जाने से हुई। ये सभी लोग करौली जिले के माधोराजपुरा गांव के थे और मलारना डूंगर क्षेत्र के कौथाली गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। एक अन्य सड़क हादसे में अजमेर–उदयपुर हाईवे पर एक बस के ट्रक से टकरा जाने से बस में सवार 55 लोग घायल हो गए,

इनमें से 25 लोगों का ब्यावर के अस्पताल में ईलाज चल रहा है। ये सभी लोग अजमेर शरीफ सें जियारत कर गुजरात लौट रहे थे।

0000

कॉलेज शिक्षा विभाग ने सत्र 2025—26 के लिए सरकारी और निजी महाविद्यालयों की नई प्रवेश नीति जारी कर दी है। यह नई प्रवेश नीति राज्य में उच्च शिक्षा को अधिक समावेशी, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कॉलेज शिक्षा आयुक्त डॉ. ओम प्रकाश बैरवा ने बताया कि इस नीति के तहत नये सत्र से प्रदेश के सभी कॉलेजों में स्नातक के तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में सेमेस्टर प्रणाली लागू कर दी गई है। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया के आखिरी चरण में फीस जमा नहीं करा सकने वाले विद्यार्थियों को सीटें खाली रहने पर प्रवेश का अवसर दिया जाएगा।

0000